क्रमांक 12/46/92–2 जी0 एस0–I

प्रेषक

मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

सेवा में,

1. हरियाणा के सभी विभागाध्यक्ष,
2. आयुक्त अम्बाला, हिसार, रोहतक एवम् गुड़गांवा मण्डल,
3. सभी उपायुक्त एवं सभी उप मंडल अधिकारी (नागरिक) हरियाणा,
4. रजिस्ट्रार, पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय, चण्डीगढ़।

दिनांक चण्डीगढ़ 11 सितम्बर, 1997 ।

विषय:-- लिपिकों/टाईपिस्टों के पदों को भरना

महोदय,

मुझे निदेश हुआ है कि आपका ध्यान हरियाणा सरकार के परिपत्र क्रमांक 12/46/92-2 जी0 एस0-I दिनांक 16-11-93 के पैरा 2 की ओर दिलाऊं जिसके अनुसार सरकार ने कार्यालयों में कार्यकुशलता को बनाए रखने तथा लिपिकों

को प्रोत्साहन देने के लिए यह निर्णय लिया था कि उन लिपिकों, जो दूसरी भाषा का भी टाईप टैस्ट निर्धारित गति से पास करेंगे को एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि प्रदान कर दी जाए तथा यह हिदायतें तुरन्त प्रभाव से लागू होंगी । उपरोक्त हिदायतों के तहत वे लिपिक जो कि 24-5-90 से 26-11-93 की अवधि के दौरान सेवा में भर्ती हुए थे तथा जिन्होंने इस अवधि में दूसरी भाषा में निर्धारित गति से टाईप टैस्ट भी पास कर लिया था इस अतिरिक्त वेतन वृद्धि के लाभ से वंचित रह गए थे ।

2. अब सरकार ने इस मामले में पुर्नविचार करते हुए यह निर्णय लिया है जो लिपिक दिनांक 24-5-90 से 26-11-93 के बीच सेवा में आये तथा जिन्होंने इस दौरान दूसरी भाषा में निर्धारित गति से टाईप टेस्ट भी पास कर लिया था, का भी एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ प्रदान किया जाए ।

3. वित्त विभाग का उनके अशा0 क्रमांक 3/7/90-I एफ0 जी0-I/4322 दिनांक 4-9-97 द्वारा अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है ।

भवदीय,

हस्ता0/-

अवर सचिव प्रशासन-I

कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

एक प्रति सभी वित्तायुक्तों/प्रायुक्तों एवं सचिव, हरियाणा सरकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाती है ।

हस्ता0/-

अवर सचिव, सामान्य प्रशासन,

कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

सेवा में

सभी वित्तायुक्त/प्रायुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार ।

अशा0 क्रमांक 12/46/92-2 जी0एस0-I दिनांक 11 सितम्बर, 1997

एक-एक प्रति मुख्य मंत्री के प्रधान सचिव/अति प्रधान सचिव/विशेष कार्य अधिकारी मंत्रियों/राज्य मंत्रियों/मुख्य संसदीय सचिव के सचिवों/निजी सचिवों को मुख्य मंत्री/मंत्रियों/राज्य मंत्रियों तथा मुख्य संसदीय सचिव को सूचनार्थ भेजी जाती है ।

हस्ता0/-

अवर सचिव, सामान्य प्रशासन,

कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

सेवा में

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव/अतिरिक्त प्रधान सचिव/<br>विशेष कार्य अधिकारी, मंत्रियों/राज्य मंत्रियों/<br>मुख्य संसदीय सचिव के सचिवों/निजी सचिवों ।

अशा0 क्रमांक 12/46/92-2 जी0एस0 I दिनांक 11 सितम्बर, 1997

एक प्रति वित्तायुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार, वित्त विभाग को उनके अशा0 क्रमांक 3/7/90 एफ0जी0 I-4322, दिनांक 4-9-97 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है ।

हस्ता0/-

अवर सचिव, सामान्य प्रशासन,

कृते: मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

सेवा में,

वित्तायुक्त एवं सचिव, हरियाणा सरकार,<br>वित्त विभाग ।

अशा0 क्रमांक 12/46/92-2 जी0एस0-I दिनांक 11 सितम्बर, 1997